समाचार

खरमोरा व जमनीपाली वार्ड में आज संचालित हुई मेगा स्वच्छता ड्राईव

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय पहुंचे बस्तियों में सफाई कार्यो का किया निरीक्षण, लोगों की जानी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 01 मार्च 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज कोसाबाड़ी जोन के खरमोरा एवं दरी जोन के जमनीपाली वार्ड में स्वच्छता अभियान के तहत मेगा स्वच्छता ड्राइव चलाकर बृहद स्तर पर साफ सफाई के कार्य किए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बस्तियों में पहुंचकर विशेष साफ सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होंने बस्ती के लोगों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की तथा त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

विगत 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत आज खरमोरा व जमनीपाली वार्ड में वृहद स्वच्छता ड्राइव चलाई गई। आयुक्त श्री आशुतोष पांण्डेय ने खरमोरा वार्ड के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोकुल नगर, अटल आवास सहित अन्य मोहल्लों एवं जमनीपाली वार्ड की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पहुंचकर गली–गली का भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने बस्ती के लोगों से भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

हैंड पंप को दुरुस्त करने के दिए निर्देश – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, चूंकि ग्रीष्म ऋतु का आगमन होने वाला है, ग्रीष्म ऋतु में बस्ती मोहल्लों के रहवासियों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे इस हेतु निगम क्षेत्र के समस्त वार्ड एवं बस्तियों में स्थापित सभी हैंडपंपों की तत्काल जांच कराएं तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी हैंडपंप सुचारू रूप से चले। उन्होंने कहा की आवश्यकता अनुसार हैंड पंपों की मरम्मत व सुधार का कार्य प्राथमिकता के साथ कारण ताकि नियमित जलापूर्ति के साथ–साथ लोगों को हैंडपंपों से भी पानी की उपलब्धता बनी रहे।

व्यर्थ पानी बहाने पर होगी कार्यवाही – जिन लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से पानी बहाकर उसका अपव्यय किया जाता है, नलों को खुला छोड़ दिया जाता है , पानी व्यर्थ बहता रहता है, ऐसे लोगों पर निगम द्वारा कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को देने के साथ ही आमजन से अपील की है कि वे पानी को व्यर्थ न

बहाए, नलों से पानी भरकर नलों की टोटियॉ बंद कर दें, घरों में रखी अपनी टंकियों में फ्लोटवाल लगाएं ताकि पानी टंकियों से अनावश्यक रूप से पानी न बहे तथा पानी की बर्बादी को रोका जा सके।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता सुरेश बरूवा, भूषण उरांव, अजीत तिग्गा, प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा, यशवंत जोगी, डी.पी.साहू, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, शैलेन्द्र नामदेव, पीआईयू धनमोहन, पंकज गभेल आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।